## अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारम्भ

**दौसा,** (निसं)। मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारंभ एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को राज्य स्तर, जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का शुभारंभ एवं विभिन्न जिलों से जुड़े लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत दौसा जिले के लगभग 2 लाख 60 हजार एनएफएसए परिवारों को फूड पैकेट वितरित किए जाएंगे। इस श्रृंखला में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारंभ एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन सूचना केंद्र के सामने, कलेक्ट्रेट परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री ममता भूपेश बैरवा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा लाभार्थियों को नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरित कर योजना का शुभारंभ किया।

अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला प्रमुख हीरालाल सैनी ने बताया कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओ से आमजन को लगातार बढ़ती महँगाई से राहत मिल रही है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की तरफ से कार्यक्रम में पधारे लाभार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए फ्लैगशिप योजनाओं के लाभों की जानकारी पात्र वंचित परिवारों तक पहुंचाने की अपील की।

# कोटपुतली में स्वतंत्रता दिवस पर 251 मीटर के तिरंगे के साथ रैली निकाली

**कोटपूतली,** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव काल में 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कस्बे में देश भक्ति का माहौल देखने को मिला। प्रतिवर्ष की भांति विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष सुगन भाई द्वारा निकाली गई विशाल तिरंगा रैली ने देश भक्ति का समां बांध दिया।

रैली का मुख्य आकर्षण 251 मीटर लम्बा विशाल तिरंगा रहा। जिसे युवाओं ने अपने हाथों से ऊपर उठाकर कस्बे की सडकों से रैली निकाली। रैली को ग्राम मलपुरा स्थित रिवाला धाम के महंत गणेशानन्द महाराज ने कस्बे के डाबला रोड स्थित एक निजी गार्डन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जो मुख्य मार्गों से होती हुई राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय पहुंचकर विसर्जित हुई। राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध हरियाणवी लोक गायक अमित सैनी रोहतकियां ने अपने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। जिस पर युवा कार्यकर्ता घण्टों तक थिरकते रहे। कार्यक्रम संयोजक सुगन भाई ने युवाओं से देश व समाज के कार्यो के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कही। संचालन महेन्द्र गुरूजी ने किया। इस दौरान पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, गौ सेवक हेमंत, अंकुश, रमेश, विकास, देवेन्द्र, मनोज स्वामी, बजरंग सैनी, सीताराम, विजय शास्त्री, अशोक सैनी, समस्त गौ सेवक टीम के सदस्य व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया :** दूदू, (निसं)। जिला मुख्यालय दूदू पर सरकारी कार्यालय व शिक्षण संस्थाओं पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिला कलेक्टर कार्यालय पर जिला कलेक्टर अर्तिका शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया। जिला स्तरीय समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कर ध्वजारोहण राज्य शिक्षा मंत्री जाहिदा खान ने किया। अध्यक्षता विधायक बाबूलाल नागर ने समारोह में शहीद मानाराम जाट की पत्नी व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया। समारोह में ध्वजारोहण के बाद पुलिस परेड का निरीक्षण किया व सलामी दी गई। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



स्वतंत्रता दिवस पर 251 मीटर के तिरंगे के साथ यात्रा निकाली।

**राष्ट्रगान के साथ झण्डारोहण किया :** फुलेरा, (निसं)। फुलेरा कस्बे में मंगलवार को जगह-जगह पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों, विभिन्न संगठन एवं संस्थाओं के कार्यालयों पर राष्ट्रगान के साथ झण्डारोहण किया गया।

कस्बे की नरेना रोड स्थित उपकारागृह पर सांभरलेक तहसीलदार हेमेन्द्र मुण्ड के द्वारा, विधायक निवास पर स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत द्वारा, कांग्रेस कार्यालय पर गोपाल लाल लाखन के द्वारा, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा कार्यालय पर डीआरयूसीसी मैम्बर भरत शर्मा व अशोक वासदेव के द्वारा, व्यापार महासंघ फुलेरा कार्यालय पर वरिष्ठ व्यापारी हीराभाई सदारंगानी के द्वारा झण्डारोहण किया गया। गौरतलब है कि फुलेरा में पहली बार यह देखने को मिला कि व्यापार महासंघ, फुलेरा द्वारा कस्बे के प्रत्येक व्यापारियों को उनके प्रतिष्ठान पर आमंत्रण कार्ड भिजवाकर कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। इसी क्रम में फुलेरा थाने पर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नागरिक भवन परिसर पर, नगर पालिका कार्यालय पर एवं स्कूल खेल मैदान पर भी झण्डारोहण किया गया।

- लोक गायक अमित सैनी रोहतकिया की प्रस्तुतियों पर जमकर थिरके युवा

**गांधी पार्क में हुआ मुख्य कार्यक्रम:** राजगढ़, (निसं)। कस्बे के गांधी पार्क में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश की मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ। इस समारोह में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने झंडारोहण किया एवं ससस्त्र पुलिस टुकड़ी ने झंडे को सलामी दी। समारोह में सूर्य की तल्खी एवं उमस के कारण आमजन का बैठना दूभर हो गया। कारण अधिकारियों एवं गणमान्य सहित विद्यार्थियों को भी परेशानी हुई। इस अवसर पर सहायक प्रोग्रामर गौरी शंकर शर्मा, एएनएम मीना देवी, कालूराम शारीरिक शिक्षक चुन्नी लाल मीणा सहित तीन दर्जन कार्मिकों, वअन्य को उत्कृष्टता सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थान की ओर से देश भक्ति एवं जोश जज्बे के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी की तालियां बटोरी। इस अवसर पर उप अधीक्षक उदय सिंह मीणा, तहसीलदार जुगिता मीणा, विकास अधिकारी समुद्र सिंह, उपनिदेशक शिक्षा विभाग रामेश्वर दयाल मीणा, नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा, मदनलाल शर्मा,खेमसिंह आर्य, एन एल वर्मा प्रीति शर्मा पार्षद अंजू बाला , सुनीता प्रजापत सहित संस्थाओं के प्रतिनिधि संस्था प्रधान एवं गणमान्य जन ,विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र विजय एवं अंजू मखीजा ने किया।

**तिरंगा रैली निकाली :** चौरु/उनियारा, (निसं)। उनियारा कस्बे में 15 अगस्त के अवसर पर विभिन्न राजनेताओं ने तिरंगा रैली निकालकर अपना राजनैतिक व चुनावी दमखम दिखाने का प्रयास किया।

इस दौरान एक ओर जहां भाजपा नेता सीताराम पोसवाल ने उनियारा कस्बे के विभिन्न मार्गों से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ एक विशाल तिरंगा रैली निकाली जो खातोली गेट से शुरू होते हुए मुख्य बाजार होकर कामधेनु सर्किल तक निकाली गई। साथ ही इस दौरान भाजपा की इस तिरंगा रैली का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर सहित भाजपा शहर अध्यक्ष नमोनारायण गोतम, महिला मोर्चा अध्यक्ष मोनिका जैन, युवा नेता मौहरसिह सहित कई भाजपा पदाधिकारी वह कार्यकता उपस्थित थे। वही इससे पहले कांग्रेस पार्टी से टिकट की ताल ठोकते हुए डॉ विक्रम सिंह ने भी कस्बे के विभिन्न मार्गो से सैकड़ों वाहनों के साथ तिरंगा रैली निकाली।

## सार-समाचार

### स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया



**विराटनगर,** (निसं)। 77वें स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में रत्ना कुमारी ने ध्वजारोहण किया एवं तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान रत्ना कुमारी ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों को सम्मान देना हर एक भारतीय का कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और महानुभावों ने उन स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारियों को नमन किया जिनके बलिदानों और संघर्षों ने देश को स्वतंत्रता दिलाई। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार, फल एवं मिठाई वितरित की गई और पूरे विद्यालय स्टाफ को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बंशीधर सैनी, गणपत लाल शर्मा, कविता अग्रवाल, कालूराम शर्मा, नूतन सैनी, प्रदीप स्वामी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, नारी शक्ति एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### नर्सिंग कर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया

**मंडावरी,** (निसं)। कस्बे स्थित उप जिला अस्पताल के बाहर प्रांगण में नर्सिंग अधिकारियों एवं नर्सिंग कर्मियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया गया। नर्सिंग कर्मी चंद्रशेखर शर्मा, पुष्पेंद्र राजावत, भवानी शंकर बैरवा, अभी तेंद्रे परवेज खान आदि नर्सिंग अधिकारियों कर्मियों ने बताया कि उनका संगठन विगत लंबे समय से राज्य सरकार को कई मांगों को लेकर ज्ञापन देता आया है। जिसमें वेतन विसंगति दूर करने के साथ दिल्ली के समान वेतन देने एवं नर्सिंग कैडर का पुनर्गठन करने एएनएम एवं नर्सिंग ट्यूटर का पद नाम परिवर्तन करने व संविदा सेवा से नियमित व नर्सिंग कर्मियों की संविदा कालका नोशनल लाभ दिए जाने एवं उस अवधि के उपार्जित अवकाश दिए जाने व नर्सिंग कर्मियों की प्लेसमेंट एजेंसी से नियुक्ति की रोक लगाए जाने यूटीबी एमआरएस एनएचएम मैं लगे हुए नर्सेज को वेतनमान न्यूनतम 26 हजार 500 दिए जाने सहित स्वतंत्र नरसिंह विद्यालय की स्थापना और नरसिंह संवर्ग के कमी कार्मिकों की समयबद्ध पदोन्नित सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**लालसोट,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय लालसोट स्थित राजेश पायलट राजकीय पीजी महाविद्यालय लालसोट के छात्र छात्राओं की 11 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सैनी आजाद के नेतृत्व में कार्यवाहक प्राचार्य किरोड़ी लाल मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के नाम ज्ञापन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सैनी आजाद ने बताया कि कॉलेज के छात्रों की मुख्य मांगें राजस्थान में महाविद्यालय के चुनाव के बारे में 12 अगस्त 2023 को आधी रात्रि में छात्र संघ चुनाव सत्र 2023 पर रोक लगाने का अध्यादेश जारी किया है उसे वापस लिया जाए। महाविधालय में एन.सी.सी. खुलवायी जाये व महाविधालय में छात्राओ की सुरक्षा के लिए अस्थाई पुलिस चौकी कि व्यवस्था करवायी जाये। महाविद्यालय में युजी स्तर पर कला संकाय में वर्तमान में संचालित पांच शाखा है इनके अलावा पांच और अतिरिक्त सैक्सन खोले जाये। स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स बनवाने विदेश जाने कि ट्रैनिंग जैसी सुविधाये महाविद्यालय कैम्पस में मिले। महाविद्यालय में चार वर्ष से अधिक समय से प्राचार्य का पद रिक्त चल रहा है। उसे तुरन्त प्रभाव से भरा जाये आदि मांगे थी।

### आजादी का पर्व उत्साह के साथ मनाया

**सांभरझील,** (निसं)। क्षेत्र में आजादी का पर्व हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। सभी सरकारी विभागों में राष्ट्रध्वज फहराया गया। नगर पालिका में कार्यवाहक ईओ गोपाल सिंह पवार, सार्वजनिक नेहरु गार्डन में चेयरमैन बालकिशन जांगिड़, नगर कांग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने झंडारोहण किया। मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की ओर से देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अनेक कर्मचारी व अधिकारी स्तर के कार्मिकों को तहसीलदार हरेंद्र मुंड, डिप्टी लक्ष्मी सुथार, थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव की मौजूदगी में पालिका प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# किशनगढ़ बास में नहीं मना उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। आजादी का 77 वां जश्न देश भर में उल्लास के साथ मनाया गया। राजस्थान प्रदेश में 33 से बढ़कर 50 जिले बनने से आजादी का उत्साह प्रदेश वासियों के लिए और सरकार के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण रहा।

इसी उत्साह का एक हिस्सा बना नवगठित जिला खैरथल तो दूसरी ओर किशनगढ़ बास उपखंड मुख्यालय पर हर वर्ष मनाए जाने वाला उपखंड स्तरीय सामूहिक स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित नहीं होने से लोगों में निराशा रही। जिला मुख्यालय खैरथल पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने ध्वजारोहण किया। जिले के प्रथम स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी रहे जिला कलेक्टर खैरथल ओम प्रकाश बैरवा एसपी खैरथल सुरेंद्र सिंह, किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया, तिजारा विधायक संदीप यादव, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, एसडीएम गंगाधर मीणा सहित शहर के गणमान्य लोग। खैरथल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 20 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं 36 वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री शकुंतला रावत विधायक दीपचंद खेरिया विधायक संदीप यादव जिला कलेक्टर ओमप्रकाश बैरवा ने संबोधित किया। राजपाल के संदेश को उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा ने सुनाया।

- नवगठित खैरथल जिले के प्रथम जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित हुआ उपखंड स्तरीय समारोह

## स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**पावटा,** (निसं)। 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को प्रात: 8.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में विराटनगर विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व उपखण्ड अधिकारी पावटा मूलचंद लुणीया की अध्यक्षता एवं नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मनीषा यादव, तहसीलदार अजीत पाल यादव, सहायक अभियंता विद्युत विभाग पावटा कपिल शर्मा, मुय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पावटा महेश चंद गुप्ता, विकास अधिकारी राकेश कुमार वर्मा, नगरपालिका पावटा प्रागपुरा अध्यक्ष उर्मिला अग्रवाल, पंचायत समिति प्रधान पावटा पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

# छात्रों ने देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

**मंडावरी,** (निसं)। नगर पालिका मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मंडावरी के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

नगर पालिका स्तर के सभी राजकीय तथा निजी विद्यालय सामूहिक रूप से एक जगह पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लाष से मनाया गया। प्रात:मार्च पास्ट दलों के द्वारा व्याख्याता मुकेश मीणा के निर्देशन में कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए देशभक्ति नारो के जय घोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्य भगवान सहाय मीणा द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा मोहनलाल माली के निर्देशन में मार्च पास्ट ध्वज सलामी तथा सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोमराज मिरोठा रहे । विभिन्न संस्थाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## 20 हजार पाठ्य पुस्तक बांटी

**लालसोट,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भामाशाह प्रहलाद मीणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को करीब 20 हजार निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। भामाशाह प्रहलाद मीणा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को प्रतिभावान छात्र छात्राओं को और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को सम्मानित किया।

## विकास कार्यों का शिलान्यास किया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने अपने विधायक कोटे से अजीतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथौरा क्षेत्र में करीब एक करोड़ 10 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का बुधवार को शिलान्यास किया।

शेखावत मंगलवार की दोपहर हथौरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में विधायक कोटे से करीब 78 लाख की लागत से बनने वाली आठ इंटरलॉकिंग सड़क, करीब 22 लख रुपए की लागत से लगे तीन फेस बोरिंग पाइपलाइन टंकी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हथौरा मैं विधायक कोटे से करीब 2 लाख के लागत से बनने वाले दो कक्षो एवं 10लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक विकास भवन व चार दिवारी का शिलान्यास एवं उद्घाटन करते हुए उपस्थित लोगों से कहा कि उन्होंने हथौरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए करीब एक करोड़ से ज्यादा राशि अपने विधायक कोटे से दी है।

# साधारण सभा में गूंजा शिक्षकों की कमी का मामला

**सांभरझील,** (निसं)। पंचायत समिति सांभरलेक की साधारण सभा की बैठक बुधवार को प्रधान सहदेव गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मामला प्रमुखता से उठाया और ब्लॉक अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई।

काचरोदा पंचायत समिति सदस्य नेमीचंद कुमावत ने काचरोदा, सरपंच हरिराम बलाई ने सीतारामपुरा में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट किया। प्रधान ने कहा कि आज विद्यालयों में एक एक शिक्षक है, कई विद्यालयों में तो एक भी शिक्षक नहीं है इससे स्कूलों के ताले लगने की नोबत आ गई है। सिनोदिया सरपंच गिरधारी कुलहरी ने विधालय में खेल मैदान स्वीकृत होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने की शिकायत की। बैठक में सड़क, पेयजल, चिकित्सा सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। काजीपुरा सरपंच नवतरन कुमावत ने भी सभा में पानी, शिक्षा आदि के मुद्दों पर विचार रखे। त्योद सरपंच हरदेवराम चौधरी ने भी पेयजल को लेकर सवाल जवाब किए। सभा में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को लेकर भी प्रधान सहदेव गुर्जर ने नाराजगी जताई और ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उपखंड अधिकारी को कार्रवाई पत्र लिखने और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस बैठक में ब्लॉक विकास अधिकारी भूराराम जाट, सहायक विकास अधिकारी लक्ष्मीनारायण रैगर, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सारांश चौधरी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता जग्गाराम वर्मा, शार्दुलपुरा सरपंच चंदालाल निठारवाल, श्रीरामपुरा सरपंच लक्ष्मण वर्मा, कोरसीना सरपंच सीता देवी गुर्जर, पशु चिकित्सक डॉ राजसिंह शेखावत, आकोदा सरपंच पुष्पा देवी मेघवाल, नौरंगपुरा सरपंच श्रवण लाल जांदू, राकेश वर्मा, सरपंच बृजेश्वरी शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वापस लौटे कावड़ियों ने बीसलपुर में जलाभिषेक किया

**मालपुरा,** (निसं)। हिन्दू संस्कृति में पवित्र अधक मास की अमावस्या के पावन अवसर पर बुधवार को मालपुरा शहर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने कावड़ यात्रा निकाल भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

मालपुरा में पहली बार महिलाओं द्वारा निकाली गई कावड यात्रा व सामूहिक रूप से किए गए शिव जलाभिषेक के वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वहीं 2 दिन पूर्व शिव कावड यात्रा समिति के तत्वाधान में बीसलपुर से कावड लेकर मालपुरा की सीमा में आए कावड़ियों को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परंपरागत मार्ग से मालपुरा शहर में प्रवेश की स्वीकृति नहीं देने से गुस्साए कावडिए मालपुरा की सीमा से बिना जलाभिषेक किए ही कावड लेकर वापस बीसलपुर पहुंच गए और बीसलपुर गोकनेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

# 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**टोंक,** (निसं)। जिले में स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिला स्तरीय मुख्य समारोह मंगलवार को पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विपणन, संपदा, पर्यटन और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया।

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण के पश्चात आरएसी, राजस्थान पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड की टुकड़िया मंच से सलामी देते हुए गुजरी। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत धुनें बजाई। मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी ने महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन किया।




राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

मुख्य समारोह में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सैनिकों के जीवन पर देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कम्यूनिटी थियेटर के युवा कलाकारों द्वारा मोहन से मसीहा तक लघु नाटक का मंचन किया गया।

मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों के 1100 छात्र-छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा, सीईओ देशलदान, जिला वन मंडल अधिकारी मरीय-ए शाहीन, नगर परिषद सभापति अली अहमद, एएसपी आदर्श चौधरी, डीएसपी सलेह मोहम्मद, एसडीएम कपिल शर्मा, पूर्व निवाई विधायक कमल बैरवा हरिप्रसाद बैरवा, लक्ष्मण गाता, हंसराज गाता, नरेश बंसल, समाजसेवी अकबर खान, पार्षदगण सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर ( राज . )**

E-Mail:-sambharnagarpalika@gmail.com Phone No. 01425-228245

क्रमांक -न.पा.सा./भू.वि./2023/1558 दिनांक-14.8.2023

भीम BhIM

**भूमि नीलामी सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र के नवीन न्यायालयों के पास सांभर- नावां बायपास सड़क मार्ग पर स्थित निकाय की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना, ''जागेश्वर विहार'' सांभरलेक में स्थित आवासीय /व्यावसायिक भूखण्डों का नीचे दर्शित भूखण्ड संख्या व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेंगे। जिसकी विस्तृत जानकारी मय मानचित्र कार्य दिवसों में कार्यालय में देखा जा सकता है।उक्त निलामी निर्धारित दिनांक को दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक जरिये आम निलामी से विक्रय किये जायेंगे। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होगें उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगे। जिनका विवरण निम्न है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड/दुकान संख्या | नाप क्रमश: (भूखण्ड संख्या अनुसार वर्गगज में) | तादाद | आवासीय/ व्यावसायिक | धरोहर राशि प्रति भूखण्ड/ दुकान | निलामी तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जागेश्वर विहार | S-1 to S-7 | 27.91,21.53, व.ग. 21.53, 21.53 व.ग. 21.53, 21.53 व.ग.21.53 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 18.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 42 to 44 | 86.04,86.04 व.ग. 86.52 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 2 | जागेश्वर विहार | S-8 to S-13 | 21.53, 21.53 व.ग. 21.53, 21.53 व.ग. 21.53, 21.53 व.ग. | 06 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 20.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 39 to 41 | 86.04,86.04 व.ग. 86.04 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 3 | जागेश्वर विहार | S-14 to S-19 | 21.53, 21.53, 21.53 व.ग., 21.53 व.ग.21.53 व.ग., 25.73 व.ग. | 06 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 21.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 35 to 38 | 49.43, 52.49, व.ग. 71.94, 71.94 व.ग. | 04 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 4 | जागेश्वर विहार | S-20 to S-26 | 25.95, 25.95 व.ग. 25.95, 25.95 व.ग. 25.95,21.53 व.ग. 24.71 व.ग. | 07 दुकान | व्यावसायिक | 25000 | 22.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| | | 32 to 34 | 82.51, 62.89 व.ग. 54.51 व.ग. | 03 प्लाट | आवासीय | 10,000 | | |
| 5 | जागेश्वर | 25 to 31 | 129.79, 96.79 व.ग. 96.79, 96.79 व.ग. 96.79, .96.79 व.ग. 152.63 व.ग. | 07 प्लाट | आवासीय | 10000 | 26.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| 6 | जागेश्वर | 18 to 24 | 98.86, 96.79, व.ग. 96.79. 96.79, व.ग. 96.79, 96.79 व.ग. 153.33 व.ग. | 07 प्लाट | आवासीय | 10.000 | 27.9.2023 | दोपहर 02.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |

1 बकाया 35 प्रतिशत राशि निलामी तिथि से 120 दिनों के भीतर जमा करवाना अनिवार्य होगा।विफल क्रेता हैतो अवधि की समाप्ति के बाद बोली लगाने वाले 60 दिनों में या विस्तारित समयावधि के भीतर 15 दिवस की दर से ब्याज सहित देय राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा।

2 जिसकी लीज राशि आरक्षित दर पर व्यावसायिक की 5 प्रतिशत व आवासीय की 2.50 प्रतिशत नियमानुसार क्रेता को जमा करानी होगी।

3 डीड लीज शाश्वत पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसके स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय क्रेता का होगा।

4 बोली को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता /अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांभर लेक के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

5 भूमि को मानचित्र एवं शर्ते प्रतिबन्धों व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

6 उपरोक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर राशि जमा करानी होगी

7 सफल बोली दाता 180 दिन में 50 प्रतिशत राशि जमा करवायेगा, विफल रहने पर 15 प्रतिशत की दर से ब्याज सहित राशि जमा करवाना अनिवार्य होगा यदि बोली दाता डिमाण्ड नोटिस की तारिख से 15 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि करवाता है तो 1 प्रतिशत की बोली राशि में छूट मिलेगी

8 यदि निलामी तिथि के दिन कोई भी राजकीय अवकाश होता है तो निलामी उसके अगले दिन की जायेगी।

9 दुकानों की नीलामी बोली पालिका की व्यावसायिक नजूल दर से प्रति वर्गगज के हिसाब से चालू होगी।

10 दुकानों के नक्शे तथा अन्य जानकारी के लिए पालिका मे कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर पालिका, सांभर लेक

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, सांभर लेक